तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024

13 दो चारपहिया वाहनों में हुई जोरदार भिड़ंत, सवार घायल

14 बाढ़ में फंसे लोगों को प्लास्टिक की खाली बोतलों...




## खबर संक्षेप

### पशुओं का किया जा रहा है टीकाकरण



**गुण्डरदेही।** पशुधन विकास विभाग गुण्डरदेही द्वारा 15 जून से निरंतर क्षेत्र के ग्रामों में गलघोंटू एवं एक टंगिया का टीकाकरण किया जा रहा है। गलघोंटू एवं एक टंगिया विषाणु जनित संक्रामक बीमारी है, जो बहुत तेजी से फैलती है और रोग से ग्रसित पशु में मृत्यु दर बहुत अधिक होती है। अतः इन संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। पशु चिकित्सालय गुण्डरदेही अंतर्गत अभी तक लगभग 8 हजार गोवंशीय और भैंस वंशीय पशुओं में टीकाकरण किया जा चुका है।

### गोण्डवाना गोंड़ महासभा की मासिक बैठक 7 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद की मासिक बैठक 7 जुलाई को सुबह 10.30 बजे सिवनी स्थित गोंडवाना भवन में रखी गई है। जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने बैठक में जिला स्तर के समस्त पदाधिकारी, बालोद, गुण्डरदेही, गुरुर, डौंडी, डौंडी लोहारा, दल्लीराजहरा व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके समस्त पदाधिकारी, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से उपस्थित होने की अपील की है।

## विडंबना

### चार कमरे वाले विद्यालय भवन के केवल तीन में हो रही 5 कक्षाओं की पढ़ाई

# प्राथमिक शाला खुंदनी में जर्जर कमरे की छत का प्लास्टर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

- ग्रामीणों व शाला प्रबंधन समिति ने की नया भवन बनाने की मांग

प्राथमिक शाला खुंदनी में वर्षों पुराने जर्जर कमरे की छत के प्लास्टर का एक हिस्सा टूट कर गिर गया। स्कूल प्रबंधन ने पहले ही वहां ताला लगा दिया है। पालकों ने उस कमरे को तोड़कर नया बनाने की मांग की है।

प्राथमिक शाला में एक कमरे का मकान पृथक से है, जो वर्षों पुराना है। उसकी छत कमजोर हो गई है, दीवारों में दरारें आ गई हैं, शिक्षकों एवं पालकों ने उस भवन को तोड़कर नया बनाने की मांग की है। विद्यालय में कुल 4 कमरे ही हैं, जिनमें से एक जर्जर होने व छत का प्लास्टर गिरने से उसे बंद कर दिया गया है। इस तरह शेष बचे केवल तीन कमरों में ही पांच कक्षाएं लगाई जा रही हैं। पहली के साथ दूसरी के बच्चों को तथा पांचवी के साथ चौथी के बच्चों को बैठा कर पढ़ाजा रहा है।

इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। बता दें कि यहां कुल 51 बच्चे हैं। पालकों ने तत्काल पुराने जर्जर भवन को तोड़कर नया बनाने की मांग की है।





### मध्यान्ह भोजन कक्ष की छत भी कमजोर

प्राथमिक शाला का मध्यान्ह भोजन कक्ष की छत भी कमजोर हो गई है, उसकी छत से भी प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है। बीते 6 जून को भी भोजन बनाने के दौरान छत के एक हिस्से का प्लास्टर टूटकर गिर गया था। यहां मध्यान्ह भोजन बनाने वाले ग्रामीण खतरों के मध्य रहकर मध्यान्ह भोजन बना रहे हैं। ग्रामीणों ने इसको भी तोड़कर नया बनाने की मांग की है। वर्तमान में जर्जर स्कूल भवन में ताला लगा दिया गया है। लेकिन, कोई अन्य विकल्प नहीं होने से मध्यान्ह भोजन कक्ष में अभी भी भोजन बनाने का कार्य किया जा रहा है, जो घातक हो सकता है।

# किसान के सूने घर में चोरों का धावा, 20 हजार नकदी सहित जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़की का मामला

ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शहर से लेकर गांवों तक चोरी की वारदातों से लोग काफी दहशत में हैं। वहीं चोरों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। चोरी का ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़की से निकल कर सामने आया है। जहां एक किसान के घर से अज्ञात चोर ने नकदी सहित सोने चांदी के जेवरात को दिनदहाड़े पार कर दिया। किसान ने थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किसान महेंद्र कुमार मंडावी ने बताया कि 3 जुलाई को सुबह लगभग 9 बजे घर में ताला लगाकर पति-पत्नी खेत में काम करने गये थे एवं लड़का स्कूल गया हुआ था। जब महेंद्र खेत से काम करके 2 बजे घर आया तो सामने के गेट का ताला खोलकर अंदर गया तो देखा मेन दरवाजा और कमरा का दरवाजा खुला था और ताला टूटा हुआ वहीं पर नीचे पड़ा था। वहीं, कमरे के अंदर आलमारी खुला था, चाबी लटका हुआ था और सब कपड़े एवं सामान दीवान पर एवं जमीन में फैला था। उसके बाद महेंद्र ने अपनी पत्नी को घर बुलाकर अलमारी की जांच की। दौरान नकदी 20,000 रुपए जो पर्स में डालकर रखा था वह नहीं था और पत्नी के सोने का मंगलसूत्र, सोने की छोटी पत्ती 7 नग, 1 जोड़ी सोने का झुमका, सोने का टाप्स 1 नग, सोने का अंगूठी 1 नग, चांदी का 2 जोड़ी पायल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। किसान की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 305 व 333 के तहत मामला दर्ज किया है, वहीं जांच में जुट गई है।

# कैदी की तबीयत बिगड़, अस्पताल में भर्ती, शरीर पर कटने के निशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- रनचिरई थाना क्षेत्र से पॉक्सो एक्ट के मामले में माहभर से है बंद

जेल में बंद कैदी की तबीयत अचानक बिगड़ गई, उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती कैदी के हाथ और पेट में कई जगहों पर किसी नुकीले हथियार से कटने के निशान भी हैं।

कैदी का नाम तिलक राम बताया जा रहा है, जो रनचिरई थाना क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट के मामले में बीते करीब एक माह से जेल में बंद था। शुक्रवार को उसे अन्य कैदियों के साथ न्यायालय में पेशी के लिए लाया गया। जहां से सीधा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज जारी है। युवक का हाथ और पैर कैसे कटा, यह जांच का विषय है। कैदियों के बीच मारपीट से कटा है या फिर कैदी ने खुद ही अपने हाथ और पेट को काटा है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है जेल में बंद कैदी को इस तरह के नुकीले हथियार आखिर कहां से मिला, जिससे हाथ और पेट को काटा गया है। वहीं, इस मामले को लेकर घायल कैदी के पिता हेमलाल ठाकुर ने जांच की मांग की है और शिकायत भी करने की बात कही है।



### कैदी ने खुद नखोड़ा : जेलर

*इस मामले को लेकर जिला जेल की जेलर शोभारानी ने कहा कि उसे रात में देवता चढ़ा था और उस दौरान वो अपने आप को नखोड़ डाला। सुबह उससे बात की तो उसने कहा कि वह ठीक है और पेशी जाएगा। अस्पताल में दवाई लगाए जाने पर वह उभरकर दिख रहा है। जेलर ने कहा कि वह खुद से किया है, कैदी ने खुद बताया कि देवता चढ़ा था, तो खुद किया हूँ।*

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## खबर संक्षेप



### क्रान्तिवीर सुखदेव राज की 51 वीं पुण्यतिथि आज

**अंडा।** क्रान्तिवीर सुखदेव राज की 51 वीं पुण्य तिथि आज दिनांक 5 जुलाई 2024 को ग्राम अण्डा, जिला दुर्ग में रखा गया है। शुक्रवार श्रध्दांजलि सभा के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर होंगे, अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा करेंगे। विशेष अतिथि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पूर्व महाधिवक्ता छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय कनक तिवारी तथा साहित्यकार गुलबीर सिंह भाटिया होंगे।

### नशेड़ी कार चालक ने मवेशी को घसीटा ,मौत

**भिलाई।** नशेडी कार चालक ने मवेशी को घसीटते हुए लेकर गया। घटना में मवेशी की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कार चालक ने सुपेला से राधिका नगर तक एक मवेशी को करीब 2 किलोमीटर तक घसीटा रहा। मवेशी के शरीर में गंभीर चोट आई और अंदरूनी अंग भी बाहर आ गए। मवेशी का एक पैर कार के पिछले चक्के में फंस गया था। गौसेवकों को सूचना मिलने पर मौके पर पहुचे और पुलिस से शिकायत किया।

### युवक को बनाया बंधक छोड़ने रुपयों की फिरौती

**भिलाई।** कंपनी का पैसा लेकर दोस्त भागने पर युवक से जबरन वसूली का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 384, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी लता यादव फायनेंस कंपनी में काम करती है। 25 जून को भाई भीषम यादव घर से काम करने के लिये पुना जाने के लिए निकला था। 29 जून की शाम भीषम का कॉल आया कि पुना में काम करने आया हू। जहां एक कमरे मे बंद कर रखा है। छोड़ने के एवज में उसे रुपए का डिमांड किया जा रहा है। पीड़िता ने अपने भाई भीषम से बात हुई तो उसने आकाश का मोबाइल नंबर दिया। उससे बात करने पर उसने बताया कि भीषम जिस आफिस में काम कर रहा था। उस आफिस में उसका दोस्त भी काम करता था लेकिन उसके दोस्त ने कंपनी का 50 हजार रुपए का नुकसान कर दिया। जिसकी भरपाई भीषम से कंपनी वाले कर रहे है। भीषम को छोड़ने के लिए 50 हजार मांग रहे है। रुपए देने के बाद उसे छोड़ने की बात कंपनी वालों ने कहा है। इस दौरान आकाश के द्वारा बताए गए बैंक खाते में फोन पे के माध्यम से 50 हजार रुपए ट्रांसफर किया गया। फिर कुछ देर बाद भीषम यादव का फोन करने पर बताया कि लोगों ने उसे छोड़ दिया है। इसके बाद 30 जून की रात को पीड़िता को भीषम का कॉल आया कि वो लोग नहीं छोडे है। भीषम को छोड़ने के एवज में दोबारा कंपनी वालों ने 2 लाख 50 हजार रुपए का डिमांड करने की बात सामने आई है। पीड़िता को बताया गया कि भीषम की कोई गलती नहीं है। बल्कि उसका दोस्त दोस्त ए चिंरजीवी कंपनी का पैसा लेकर भाग निकला है।

### पार्षद पति और देवर के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली के कांग्रेस पार्षद के पति और देवर की जमकर धुनाई करने का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। नेवई पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। वीडियो में वार्ड 15 की पार्षद ईश्वरी साहू के पति को सड़क पर युवको द्वारा लात-घूंसों से पिटाई हो रही है। पार्षद पति पर आरोप है कि शिव मंदिर के पास रिटायरमेंट पार्टी के दौरान शराब के नशे में पहुचे और गाली-गलौज कर रहे थे।मरोदा निवासी प्रदीप साहू शिकायत किया है कि 30 जून को वो सामुदायिक भवन के पास उमेश रावटे की दादी की रिटायरमेंट पार्टी में शामिल होने गया था। कुछ लोग एक दूसरे को गाली गलौज कर रहे थे। पार्षद ईश्वरी साहू और उनके देवर ने उन्हें मना किया। जब ईश्वरी साहू ने मारपीट का विरोध किया, तो ईश्वरी के पति और देवर को बुरी तरह पिटाई कर दी।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत प्रतिशत साक्षर करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल जिला पंचायत के सभाकक्ष में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम का जिले में सफल क्रियान्वयन के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

बैठक में चन्द्रवाल ने सभी के लिए शिक्षा के लिए प्रारंभ की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनुसंशित 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के जिले में सफल क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि केन्द्र परिवर्तित योजना 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत प्रतिशत साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं रणनीति के संबंध में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के अलावा विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्ड नोडल अधिकारियों से 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के सर्वे 'उल्लास एप्प' में एंट्री कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों को 01 सप्ताह के भीतर एंट्री के कार्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों से एंट्री कार्य से आ रही परेशानियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आम जनता को 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान कर तथा अभियान चलाकर एंट्री कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 'उल्लास केंद्र' तथा शिक्षार्थियों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों का चिन्हांकन, उल्लास कार्यक्रम हेतु वातावरण निर्माण, प्रवेशिका निर्माण, पठन–पाठन सामग्रियों की व्यवस्था, 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम में स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं, कुशल प्रशिक्षकों एवं स्वयं सेवी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण तथा उल्लास केन्द्रों का संचालन की विस्तृत समीक्षा की।





### तैयारियों के संबंध में ली जानकारी

चन्द्रवाल ने बैठक में उपस्थित विकासखण्ड स्त्रेत समन्वयकों एवं संकुल समन्वयकों को भी 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने अधिकारियों से जिले में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य को अभियान चलाकर पूरा करने को कहा।

## शिक्षकों में प्रतिभाओं की कमी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में शिकसा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन व विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना चमेली साहू व राजगीत संध्या पाठक ने प्रस्तुत कर किया।

सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने शिकसा द्वारा आयोजित कार्यक्रम पर विचार रखते हुए बताया कि शिक्षक व छात्रों के प्रतिभा को सामने लाने का निरंतर प्रयास कर रहे है जिसमें हम काफी सफल हो चुके है। हमें हर प्रतिभावान शिक्षक व छात्र को सामने लाने के लिये संकल्पित है। तदपश्चात प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, संयुक्त सचिव पुष्पांजलि ठाकुर, सलाहकार डॉ.प्रमोद आदित्य, सदस्य आरती ठाकुर व कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने अपने अपने उदबोधन में शिक्षक कला व साहित्य अकादमी व कार्यक्रम पर प्रकाश डाले। विराट कवि सम्मेलन में डॉ.प्रमोद आदित्य, दिनेश कुमार दुबे, मोहित कुमार शर्मा, हरमन कुमार बघेल, राजीव लोचन कश्यप, रामलाल कोसले, शकुंतला सहंश, ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, डॉ.शालिनी श्रीवास्तव, रामकुमार पटेल, ममता साहू, शिवकुमार अंगारे, माधुरी करसाल मधुरिमा, संध्या मौर्य, रीता राज सिदार, पुष्पांजलि ठाकुर, शीतल बैस, भीखम लाल देवांगन, झरना राठौर, नेहा उपाध्याय, सुमन लता साहू, स्मिता श्रीवास्तव, के.पी.एस. चौहान, हेमा चन्द्रवंशी, सुचिता निषाद, उषा भट्ट आदि ने स्वरचित गीत कविता प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का संचालन उषा भट्ट व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

## झमाझम बारिश के बाद शुरू हुई मताई और रोपाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

जिले में पिछले सप्ताह लगातार हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। गांवों में किसानों ने धान की फसल की रोपाई शुरू कर दी है जिन गांव के लोग पहले ही धान की नर्सरी डाल चुके थे, बारिश शुरू हुई तो उन्होंने रोपाई शुरू कर दी। क्षेत्र के ग्राम लाटाबोड़ भोईनापार परशाही खपरी बोरी पसौद आदि गांवों में धान रोपाई के कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। आवश्यकता के अनुरूप बारिश के बाद इन क्षेत्रों में धान रोपाई शुरू हो गई है। जबकि शेष क्षेत्रों में खेतों की मताई का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। पसौद कृषक भवेन्द्र साहू ने बताया कि खेतों की मताई के लिए इन दिनों प्रति एकड़ 700 से 1000 रूपये रोजी चल रही है। मताई के बाद जल्द ही इन खेतों में भी धान रोपनी कार्य शीघ्र शुरू होगा। बारिश के पानी से लबालब हुए खेतों में पहले से तैयार नर्सरी को लगाने में महिलाएं खेतों में उतर चुकी हैं। धान की रोपाई कर रही महिलाओं ने बताया कि इस वर्ष खेतों में धान की रोपाई की दर प्रति एकड़ 6000 से 6500 रूपये चल रही है। गांव में भी धान रोपाई का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया है।

## समितियों से अवकाश के दिनों में भी किया जा रहा उर्वरक व बीज वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कृषि विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए जिले के किसानों को सामयिक सलाह दी गई है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि खरीफ वर्ष 2024 होने के साथ अधिकतर किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन खेत की जुताई कार्य पूरा किया जा चुका है। जिसके साथ ही कुछ ही दिनों में खेत की तैयारी का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

■ कृषि विभाग के उप संचालक ने किसानों को दी

उपसंचालक ने कहा कि जिले में कृषकों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अवकाश के दिनों में भी समितियों के माध्यम से उर्वरक तथा बीज का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने जिले के किसानों को मानसून के पूर्व खेतों की तैयारी के लिए आवश्यकतानुसार उर्वरकों का उठाव तत्काल पूरा करने को कहा है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिन कृषकों को डीएपी उपलब्ध नहीं हो पाया है वे डीएपी के स्थान पर एनपीके 12:32:16, 20:20:0:13 एवं सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग विकल्प के रूप में कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संचालनालय अनुसंधान सेवाएं इंदिरा गाधी कृषि महाविद्यालय रायपुर द्वारा डीएपी के विकल्प के रूप में सुझाव बताया गया है। जिसमें 16 प्रतिशत फास्फोरस के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक का प्रयोग कर सकते हैं। इसी तरह एक बोरी डीएपी से मिलने वाले तत्वों की पूर्ति हेतु लगभग आधा बोरी यूरिया तथा तीन बोरी सिंगल सुपर फास्फेटक का प्रयोग कर सकते हैं।

इसी तरह मिश्रित उर्वरक के रूप में इफको 12:32:16, ग्रोमोर 28:28:0 तथा अन्य फास्फोरस युक्त मिश्रित उर्वरक के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही मृदा में उपस्थित स्फूर की उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए स्फूर घुलनकारी जैव उर्वरकों जिसमें पीएसबी का प्रयोग भी किया जा सकता है।

## पाररास व भाटापारा में मूलभूत सुविधाओं की मांग, मंत्री साव से मिले भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 20 भाटापारा रोशन नगर में 20 वर्षों से निवास कर रहे रहवासियों की बहु प्रतीक्षित मांगों के संदर्भ में पूर्व पार्षद एवं भाजपा शहर महामंत्री संतोष कौशिक ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं नगरी निकाय मंत्री अरुण साव से भेंट कर ज्ञापन सौंप कर शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

पूर्व पार्षद एवं भाजपा महामंत्री सन्तोष कौशिक ने बताया कि वार्ड 20 भाटापारा मे विगत 20 सालों से लगभग 100 परिवार निवास कर रहे हैं, निवास करने वाले समस्त परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं, बिजली, पानी, सड़क जैसे बुनियादी सुविधाओं से वंचित जीवन यापन कर रहे हैं।

भाजपा के प्रत्याशी रहे राकेश यादव एवं वर्तमान सांसद भोजराज नाग को भी यहां के समस्याओं के बारे में जानकारी है।

कौशिक ने बताया कि वार्ड 20 पाररास के साथ भाटापारा के सभी मुलभुत समस्याओं का ज्ञापन राकेश यादव ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को सौपा है, जिसमें भाटापारा में विद्युतिकरण हेतु 20 नग विद्युत पोल, पेयजल हेतु पाईप विस्तार, दो प्रमुख गलियों में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण, भाटापारा शिव मंदिर में टीन शेड निर्माण, बुढ़ापारा में आंगन बाड़ी भवन निर्माण, पाररास छिन्दई तालाब पार में चार खम्भा लगाकर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, शीतला माता मे टीन शेड निर्माण एवं लोहारा रोड नारायण घर से सांस्कृतिक मंच गौरा चौरा तक शील कोट करने की मांग की है।

## आंधी-बारिश में बिजली बंद होने पर बता सकते हैं समस्या, कॉल सेंटर्स के नंबर जारी

**जिले के सभी वितरण केंद्रों के साथ उनके प्रभारी इंजीनियरों को भी दे सकते हैं सूचना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में वर्षा ऋतु के दौरान आँधी–बारिश से विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी दुर्ग क्षेत्र ने बालोद जिले के सभी वितरण केंद्रों के साथ उनके प्रभारी इंजीनियरों एवं फ्यूज ऑफ कॉल सेंटर के भी नये फोन नंबर जारी किए हैं।

दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम जामुलकर ने बताया कि कोई भी विद्युत उपभोक्ता विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जारी किए गए नंबरों पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अंतर्गत संचारण–संधारण संभाग बालोद टी.एल. सहारे (ईई) का मोबाईल नंबर 6232943260, बालोद उपसंभाग–एच के यादव (एई) का मोबाईल नंबर 6232943315, उपसंभाग डौण्डीलोहारा कुबेर सिंह मरकाम (एई) का मोबाईल नंबर 6232943316, उपसंभाग–आर सी साहू (एई) का मोबाईल नंबर 6232943317, उपसंभाग गुरुर–एचके हिरवानी (एई) का मोबाईल नंबर 6232943318, रेंगाडबरी डीसी अंजलि ठाकुर (जेई) का मोबाईल नंबर 6232943414, डौण्डी लोहारा डीसी खूशबू (जेई) का मोबाईल नंबर 6232943415, खपरी डीसी नेहा साहू (जेई) का मोबाईल नंबर 6232943416, दल्लीराजहरा टाउन सुनील ठाकुर (जेई) का मोबाईल नंबर 6232943417, भरऍटोला डीसी विशाल विक्रम सिंह (जेई) का मोबाईल नंबर 6232943418, डौण्डी डीसी एकता (जेई) का मोबाईल नंबर 6232943419, देवरी डीसी गीतिका (जेई) का मोबाईल नंबर 6232943420, का मोबाईल नंबर सुरेगांव डीसी ओमप्रकाष (जेई) 6232943421, करहीभदर डीसी हेमंत कुमार करभाल (जेई) का मोबाईल नंबर 6232943422, पलारी डीसी चांदराम साहू का मोबाईल नंबर 6232943423, पुरुर डीसी श्वेता (जेई) का मोबाईल नंबर 6232943424, गुरुर डीसी डी.के.पोया का मोबाईल नंबर 6232943425, बालोद (टी) डीसी नीतू नेताम का मोबाईल नंबर (जेई) 6232943426, झलमला डीसी अनंत श्रीवास्तव(जेई) का मोबाईल नंबर 6232943427 है। इसी तरह फ्यूज ऑफ काल सेंटर गुण्डरदेही का मोबाईल नंबर 6262049309, 6232945133, अर्जुन्दा का मोबाईल नंबर 6232945131, 6232945128, सिकोसा का मोबाईल नंबर 6232945139, 6232945134, कलंगपुर का मोबाईल नंबर 6262049310, 6232945135, बालोद (टाउन) का मोबाईल नंबर 6232945234, 6232945235, झलमला का मोबाईल नंबर 6232945237, 6232945238, डौंडी लोहारा का मोबाईल नंबर 6232945200, सुरेगांव 6232945209, देवरी का मोबाईल नंबर 6232945206, 6232945212, जेवरतला का मोबाईल नंबर 6232945211, गुरूर का मोबाईल नंबर 6232945230, 6232945231, करहीभदर का मोबाईल नंबर 6232945213, 6232945214, पलारी का मोबाईल नंबर 6232945217, 6232945218, पुरूर का मोबाईल नंबर 6232945226, 6232945227, दल्लीराजहरा का मोबाईल नंबर (शहर) 6269506843, दल्लीराजहरा (ग्रामीण) का मोबाईल नंबर 6269506844, डौंडी का मोबाईल नंबर 6232945204, भरऍटोला का मोबाईल नंबर 9301068682, खपरी का मोबाईल नंबर 6232945201, 6232945202, रेंगाडबरी का मोबाईल नंबर 6232945197, 6232945198।

उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन नंबर 1912 के साथ–साथ उपभोक्ताओं की अतिरिक्त सुविधा के लिए वितरण केंद्रों के नये नंबर भी जारी किए गए हैं। इसके साथ ही उपभोक्ता बिजली कंपनी के मोबाइल एप ''मोर बिजली कंपनी'' पर भी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

## शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में हुई कार्यशाला

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में 4 जुलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा डॉ. समीर दसपुत्रे के निर्देशन में सम्पन्न हुई। डॉ. समीर दसपुत्रे ने छत्तीसगढ़ में 01 जुलाई 2024 से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारीकियों को विस्तार से बताते हुए सेमेस्टर पद्धति के कारण आये बदलाव को स्पष्टता से रेखांकित किया। छात्र–छात्राओं को अपने फैकेल्टी के अलावा दूसरे फैकेल्टी के विषयों को पढ़ने की आजादी मिलेगी। साथ ही साथ स्किल डेवलपमेंट के लिए वैल्यू–एडेड कोर्स करना भी अनिवार्य होगा। अब 30 प्रतिशत अंक आंतरिक मूल्यांकन एवं 70 प्रतिशत अंक विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षा के माध्यम से प्राप्त होगा। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.केडी.चावले ने इस कार्यशाला में आये सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को छात्र–छात्रओं के कैरियर निर्माण में निर्णायक भूमिका पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में माता कर्मा महाविद्यालय, गुण्डरदेही के प्राचार्य एमएल.देशमुख, डॉ.लीना साहू, जिला संगठक रा.से.यो. एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा शासकीय महाविद्यालय, गुण्डरदेही के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डीएस.सहारे, डॉ. आशीष कुमार भुई, शिखा श्रीवास्तव, भूपेन्द्र कुमार, ऋतु सोरी सहित सभी अधिकारी–कर्मचारी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला का संचालन डॉ. अभिषेक पटेल ने किया तथा आभार ज्ञापन महाविद्यालय में एनईपी संयोजक आरपी निषाद ने किया।



## प्री मैट्रिक आदिवासी छात्रावास मरदेल में मना प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

शासकीय प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि रमिता मरकाम थे, अध्यक्षता ग्राम सरपंच हृदय राम कावाची ने की।

विशेष अतिथि भगाबाई, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक केके सोनवानी व स्वास्थ्य विभाग से बीके जैन थे। साथ ही साथ अतिथियों एवं आए हुए ग्राम प्रमुखों ने पौधारोपण भी किया। छात्रावास अधीक्षक दशरथ यादव के द्वारा बच्चों को कॉपी पेन व न्योता भोज में खीर, पूड़ी, खाने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में छात्रावास के कर्मचारी गंभीर सिंह, गणेश राम, रूपेंद्र और साथ ही साथ प्राथमिक व माध्यमिक शाला के सभी शिक्षक, कर्मचारी, पालक समिति, निगरानी समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**समीक्षा : ब्लाक कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक में विधायक संगीता ने बताया हार का कारण**

# भाजपा ने लोगों को गुमराह किया इसलिये हम हारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद की समीक्षा बैठक कांग्रेस भवन बालोद में आयोजित की गई, जिसमें बालोद ब्लाक के बुथों के अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा बूथ स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक पूरी मेहनत और ईमानदारी तथा लगन के साथ काम किया। उसके बावजूद हमें अप्रत्याशित हार मिली, इसके पीछे बहुत से कारण काम कर रहे थे, जिनमें प्रमुख रूप से भारतीय जनता पाटएँ के कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्रामीणों को गुमराह किया जाना प्रमुख था। हमारे कार्यकर्ता पूरे लगन एवं ईमानदारी से अपने–अपने बुथों पर काम किए हैं और आगे भी संगठन के निर्देशों पर काम करते रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि बालोद ब्लाक का कांग्रेस संगठन जिले में सबसे मजबूत है, आज भी जिले में प्रत्येक कार्यक्रमों में बालोद ब्लाक के कांग्रेस जन बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हैं। पूरे लगन और मेहनत से बालोद ब्लाक के कार्यकर्ताओं ने कार्य किया है। आने वाले नगरी निकाय एवं त्रिस्तरी पंचायती राज चुनाव में भी हम लोगों को डटकर मुकाबला करना है और अपने सम्मान की रक्षा करते हुए पंचायती राज के समस्त पदों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को काबिज करना है।

बैठक को मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री कृष्णा दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रतिराम कोसमा, यज्ञ देव पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, लता कोर्राम ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने अपने व्यक्तव्य में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर आगामी समय में होने वाले पंचायती चुनाव एवं नगरी निकाय चुनाव में लोकसभा के हार का बदला लेने एकजुट होने का आवाहन किया। बैठक के अंत में उत्तर प्रदेश में भगवान शिव की भक्ति में लीन भक्तजनों के मध्य अचानक भगदड़ मचने से 125 भक्त जनों के कॉल कवलित होने पर 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। तदुपरांत कांग्रेसजनों ने एसडीएम कार्यालय जाकर ज्ञापन सौपा गया, जिसमें अचानक काल कवलित हुए लोगों के परिवार जनों को मुआवजा राशि प्रदान करने एवं भगदड़ की जांच करने की मांग की गई।

समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से प्रेमचंद क्षीरसागर, चिदाकाष आर्य, धनेश्वरी सिंन्हा गोपी हिरवानी, उषा नेताम, रोहित सागर, भादू राम मांडवी, तीरथ राम, शारदा सिन्हा, अमृता नेताम, तेजराम साहू, भूषण श्रीवास्तव, रामेश्वर साहू, बालक दास, अकबर सिंह, कमलेश श्रीवास्तव, देवेंद्र साहू, आंचल साहू, धनेश्वरी सिन्हा, मिथलेश्वरी भुआर्य, लता कोर्राम भूषण लाल श्रीवास्तव, द्रोणाचार्य साहू, जनार्दन निषाद, धर्मेंद्र रामटेके, दुष्यंत कुमार, राम कुमार मंडावी, प्रेमलाल ग्वालवंशी, भीखमलाल, हीरालाल, कुलदीप, प्यारेलाल केसरिया, संदीप साहू, गौरव राम साहू, रामचंद्, मुरलीधर भुआर्य, भदूराम मांडवी, हरचरण सिंह कटयाल, रामलाल यादव, निर्मला बंजारे, रोहित सागर, मुरारी लाल, सुखतेल, प्रेमलाल, हेमंत कुमार यादव, बालक दास मानिकपुरी, दाऊद खान, नूतन साहू, जमील बख्श, कमलेश श्रीवास्तव, खेमराज पुरी गोस्वामी, जितेंद्र पटेल एवम कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**



## कपिलेश्वर महादेव मंदिर से निकाली जाएगी रथयात्रा

**बालोद।** भगवान जगन्नाथ रथयात्रा रविवार को शहर के कपिलेश्वर महादेव मंदिर से निकाली जाएगी। भव्य रथयात्रा के लिए नगर पालिका प्रशासन व कपिलेश्वर मंदिर समिति के सदस्य तैयारी में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर करीब 2 बजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमा को रथ में सजाकर शहर का भ्रमण किया जाएगा। आपको बता दें कि हर साल सैकड़ों भक्त भगवान जगन्नाथ की रथ को खींच कर शहर भर में भ्रमण कराते हैं, लोग रथ को खींचने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और रथ खींचकर अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं। भगवान के रथ की मरम्मत और डेटिंग पेंटिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। दो दिन तक रथ की मरम्मत कर शनिवार की शाम से रथ को सजाने का कार्य किया जाएगा, वहीं रविवार को फूलों से रथ को सजाकर भगवान जगन्नाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर परंपरा अनुसार भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## न्योता भोज के साथ शाला प्रवेश उत्सव

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनीषा यादव, विशेष अतिथि दशोदा भुआर्य पार्षद, झमेश्वरी यादव एवं किशोर रजक उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर किया गया साथ ही अतिथियों के कर कमलों से पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। प्राचार्य एल .के.ठाकुर ने कहा विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा सबसे अहम है विद्यार्थी जीवन में विद्या अर्जन करना ही प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है, दशोदा भुआर्य ने संबोधित करते हुए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान को भी अपने जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया। शिक्षा के साथ माता-पिता के सम्मान करने की बात कही। शिक्षा विद एच. एल .सिन्हा ने आदर्श छात्र कैसे बने इस पर अपना विचार प्रकट किया। शाला प्रवेश उत्सव के पश्चात शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसका आनंद समस्त अतिथियों एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षक ,शिक्षिकाओं ने उठाया। सीएससी मोहित भौसार्य ने न्योता भोज एवं प्रवेश उत्सव के आयोजन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन करने में शिक्षक एम .के .देवांगन, सातो धनकर, वंदना साहू, लक्ष्मी चंद सोनवानी , लिख्मी चंद सार्वा , हरीश सिन्हा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एल.एस निषाद ने किया तथा आभार प्रदर्शन न्योता भोज के आयोजन प्रधान पाठक कमल कुमार आलेंद्र ने किया।

## शिवमहापुराण 9 से

**सेलूद।** श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन समीप के ग्राम छाटा में 9 जुलाई से किया जा रहा है। जिसका विश्राम दिवस 17 जुलाई को होगा।

## प्रांतस्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा में पैरी के कुंदन तीसरे स्थान पर

**बालोद/सिकोसा।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पैरी के छात्र कुन्दन पटेल ने प्रांत द्वारा आयोजित मेधावी छात्र परीक्षा में तृतीय स्थान अर्जित किया है। संस्था के प्रधानाचार्य गुनीत देशमुख ने बताया कि विगत 14 मई को सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा मेधावी छात्र परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में प्रांत के विभिन्न विद्यालयों से वे सभी भैया बहन सम्मिलित होते हैं, जो वार्षिक परीक्षा में 80 अथवा उससे अधिक अंक अर्जित कर अपने कक्षा प्रथम प्राप्त करते हैं। वहीं, इस वर्ष आयोजित मेधावी छात्र परीक्षा में कक्षा षष्टम से विभिन्न विद्यालयों से 204 भैया बहनों सम्मिलित हुए। इनमें सरस्वती शिशु मंदिर पैरी के कुन्दन पटेल पिता रूपेश कुमार पटेल ने इस परीक्षा के पूर्णांक 100 में से 85 अंक अर्जित कर प्रांत में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।



यह गौरव का विषय है कि भैया कुन्दन पटेल ने कक्षा षष्टम की वार्षिक परीक्षा 2024 में अपने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर 14 मई को प्रांत द्वारा आयोजित मेधावी छात्र परीक्षा में परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद से सम्मिलित होकर प्रांत में तृतीय स्थान अर्जित किया है। कुन्दन की इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष गैंदसिंह साहू, उपाध्यक्ष दशरथ लाल कोशरिया, सचिव रामकृष्ण साहू, प्रधानाचार्य गुनीत देशमुख, कार्यालय प्रमुख सुनेश्वर कुमार साहू एवं उनके समस्त आचार्य एवं भैया-बहनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## दो चारपहिया वाहनों में हुई जोरदार भिड़ंत, सवार घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत बस स्टैंड अंडा में दो दोपहिया वाहनों में जोरदार भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए।

मिली जानकारी के अनुसार एक चारपहिया यात्री वाहन सीजी 19 बीसी 9897 रायपुर से बालोद जा रहा था। वहीं, एक कार क्रमांक सीजी 07 सीपी 3864 दल्लीराजरा से दुर्ग कोहका जा रही थी। इस बीच अंडा बस स्टैंड के पास दोनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। थाना अंडा प्रभारी डा. भानुप्रताप साव ने बताया कि एक चारपहिया वाहन में 12 से 14 लोग थे, जिन्हें चोट आई है, उन्हें अंडा थाना के 112 वाहन से जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया। वहीं, कार में एक ही परिवार के 5 से 6 लोग सवार थे, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं।

अंडा थाना पुलिस बल और ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। आगे अंडा पुलिस जांच में जुटी हुई है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन दुर्ग से बालोद रोड पर ब्रेकर बनाने की मांग की है।

## नारागांव में संक्रमण से बकरियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मानसून लगते ही जिले में पालतू पशुओं में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, जिससे टीकाकरण कर बचाया जा सकता है, पशु विभाग पिछले एक पखवाडा से सघन टीकाकरण अभियान चलाकर पशुओं का टीकाकरण कर रहा है। इस बीच ग्राम नारागाँव में बकरियों की मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि संक्रमण के कारण बकरियों की मौत हुई है। पशुपालक वेद राम निषाद ने बताया कि नया चारा खाने से अब तक उनकी बकरियों की मौत हो चुकी है और अनेक बकरियां बीमारी से ग्रसित हैं, उनकी नाक बह रही है। पशु पालन विभाग के उप संचालक डॉ डीके सिहारे ने बताया कि ग्राम नारागाँव में बकरियों में नाक बहने की जानकारी मिली है, जो पानी में भीगने के कारण संक्रमित हुई हैं। विभाग लगातार कैंप लगा टीकाकरण कर रहा है।



### पशु चिकित्सा विभाग कर रहा टीकाकरण

बता दें मानसून लगने के दौरान 15 जून से 15 जुलाई तक बारिश के दिनों में नया चारा उगने के बाद पशुओं का टीकाकारण किया जाता है, पशु चिकित्सा विभाग टीकाकरण कर रहा है। पशु विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले को 2 लाख 70 हजार मवेशियों के टीकाकरण करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके तहत अब तक 85 हजार मवेशियों का टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं, बकरियों में टीकाकरण के लिए लगभग 30 हजार का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक 16 हजार बकरियों का टीकाकरण किया गया है।

## व्यापारियों ने सड़क किनारे मेटल क्रश जाली लगाने का किया विरोध

**बालोद।** व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने चेंबर आफ कामर्स अध्यक्ष एवं पार्षद राजू पटेल के नेतृत्व में कलेक्टर से मुलाकात कर एनएच 930 रोड के दोनों ओर लगाई जा रही मेटल क्रश जाली लगाने का विरोध किया है। मेटल क्रश जाली की जगह रोड के सेंटर में डिवाइडर बनाने की मांग कर सेंटर में पोल लगा कर प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की गई है।

■ प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से की मुलाकात

पार्षद राजू पटेल ने कहा कि इससे सड़क पर रोज-रोज हो रही दुर्घटना को रोका जा सकेगा, और किसी भी व्यापारी का व्यापार भी प्रभावित नहीं होगा। इस संबंध में कलेक्टर ने एनएच के एसडीओ टीकम ठाकुर और इंजीनियर वसीम शेख को बुलवाकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में क्षेत्रीय कार्यालय से मार्गदर्शन एप्रूवल लेने के बाद ही ड्राइंग डिजाइन में फेर बदल किया जायेगा, जिसमें कुछ वक्त लग सकता है।

इस संदर्भ में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान संजोग टावरी, श्याम माधवानी, अनूप जोशी, प्रफुल पटेल, संतोष शर्मा, दिनेश तापड़िया, राकेश बाफना, भुनेश्वर शर्मा, टिक्कू साहू, भवानी शर्मा उपस्थित थे।

## युवती ने लगाई फांसी, प्रेमी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



प्रेम प्रसंग में असफल युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जाता है कि 30 जून को करीबन 12 बजे वनांचल के ग्राम केरी जुंगेरा निवासी ओम प्रकाश टेकाम ने थाने में आकर किसी लड़की की लाश पेड़ पर लटके होने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। जांच में पाया गया कि मृतका का ग्राम जुंगेरा के ओमप्रकाश टेकाम के साथ पिछले करीबन 2-3 वर्षों से प्रेम संबंध था और वे दोनों अक्सर एक साथ घूमते फिरते थे। लेकिन, मृतका द्वारा शादी करने की बात कहने पर ओम प्रकाश न तो स्वयं शादी करने के लिए तैयार होता था और ना ही चमेली को किसी दूसरे लड़के से शादी करने देता था। इस बात से चमेली बहुत परेशान व दुखी रहती थी। इस बीच 29 जून की सुबह वह अपने प्रेमी ओमप्रकाश के घर गई, तो उसने उसे डांट कर अपने घर से भगा दिया गया। उसके बाद युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 306 भादवि का प्रथम दृष्टया अपराध घटित करना पाये जाने से ओम प्रकाश टेकाम के विरूध्द अपराध क्रमांक 109/24 धारा 306 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण के आरोपी ओमप्रकाश से पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने एवं अब तक की विवेचना से आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर घटित करने के साक्ष्य सबूत पाये जाने पर आरोपी ओमप्रकाश टेकाम पिता स्व. नारायण टेकाम उम्र 28 साल साकिन जुंगेरा थाना डौण्डीलोहारा जिला बालोद को 3 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर जेल भेजा गया है।

■ थाना डौण्डीलोहारा क्षेत्र का मामला

## स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य कोमिया को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़





स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाटाबोड़ के प्राचार्य टीआर कोमिया के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार की ओर से ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा थीं, अध्यक्षता गंगा प्रसाद साहू सरपंच ग्राम पंचायत लाटाबोड़ ने की। विशिष्ट अतिथि कुंवर सिंह पद्मश्री पुरस्कृत, विशेष अतिथि पीसी मर्कले जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, बसंत बाघ विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जनपद सदस्य, श्यामलाल साहू अध्यक्ष ग्राम समिति लाटाबोड़ रहे।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि संगीता सिन्हा ने श्री कोमिया को कर्मनिष्ठ बताते हुए सभी शिक्षकों से उनसे प्रेरणा लेने को कहा। वहीं, प्रभारी प्राचार्य की मांग पर कक्षा 12वीं के छात्रों को सत्र में विधानसभा भ्रमण करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही स्कूल में शेड निर्माण की बात कही। वहीं, पद्मश्री कुंवर सिंह व सीताराम साहू श्याम ने अपने गीत के माध्यम से प्राचार्य के कार्यकाल को व्यक्त किया। कार्यक्रम को करहिभदर प्राचार्य श्री नायक, सेवानिवृत्त प्राचार्य जे.पी देशमुख ने भी संबोधित किया। मंच संचालन तथा आभार प्रदर्शन व्याख्याता एनडी बघेल ने किया। उक्त अवसर पर श्री कोमिया ने बागवानी में कार्य कराने के लिए प्रभारी प्राचार्य को 20000 रूपए का चेक प्रदान किया।

## युवती ने पिता और सौतेली मां, भाई व बहन के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सौतेली माँ, भाई और बहन ने युवती को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की, इतना ही नहीं खेत में काम करने के दौरान सौतेली बहन ने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

घटना के बाद युवती कोतवाली थाना में अपने पिता सहित सौतेली माँ, भाई और बहन के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम भोथली का है। प्रार्थी चंद्रिका निषाद ने बताया कि जन्म से मेरे नाना नानी के यहां ग्राम अण्डी में निवास कर रही थी। मेरे मामा लगभग 2 माह पूर्व मुझे ग्राम भोथली में मेरे पिता जी के पास छोड़कर चले गए। एक सप्ताह तक ठीक ठाक रखा गया, फिर उसके बाद से मेरी सौतेली मां प्यारी बाई मेरे पिता उमेंद राम और मेरे सौतेले भाई महेन्द्र कुमार द्वारा दिन प्रतिदिन गाली गलौज और मारपीट की धमकी देते व गालीगलौज करते हैं। प्रार्थी चंद्रिका निषाद ने बताया कि 2 जुलाई मंगलवार को सुबह 9 से 10 के बीच खेत में काम करने गई थी। उसी तरफ मेरी सौतेली बहन सीमा द्वारा खेत में मारपीट कर गला को दबाकर मेरी ही चुनरी को मेरे मुंह में ठूंसने की कोशिश की और मेरे नाक को मारा गया, जिसमें अभी भी निशान है। प्रार्थी ने कहा कि इसी तरह रोज मुझे प्रताड़ित करते हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गाली गलौज व मारपीट करने वाले उमेंद्र निषाद, प्यारी बाई निषाद, महेंद्र कुमार व सीमा निषाद के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

■ गला दबाकर हत्या की कोशिश करने का लगाया आरोप

## प्राथमिक शाला कांड़े में मना पढ़ई तिहार



**डोंडी।** शासकीय प्राथमिक शाला कांड़े संकुल कुआगोंदी में पढ़ई तिहार के अन्तर्गत अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माताओं को सपोर्ट कार्ड के माध्यम से समझाया गया कि वह बच्चों को घरेलू सामग्रियों के माध्यम से भी पढ़ा सकती हैं। इस कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत कांड़े चन्द्रलेखा पायला, उपसरपंच सतीश चन्द्राकार प्रधान पाठक अनिल कुमार देवांगन, शिक्षिका उपासना जायसवाल, केके निषाद, माताएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ईश्तहार


विषयांतर्गत लेख कि कार्यालय कलेक्टर बालोद, जिला बालोद का पत्र क्र./257/प्र.कले./2024 बालोद दिनांक 07.06.2024 के अनुसार आवेदक प्रेमसुख आं. पल्टू एवं सुमित्रा बाई पति प्रेमसुख जाति कुर्मी निवासी गैजी तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद द्वारा ग्राम गैजी स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि को ख.न. 175, मे से रकबा 0.06 हे. भूमि को आम रास्ता आने जाने के लिये क्रेता अभिषेक जैन आं. अशोक जैन साकिन मरकामटोला वाले के पास बिक्री की अनुमति हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के अंतर्गत छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अन्तर्गत भूमि विक्रय की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्तानुसार आवेदित भूमि को विक्रय के अनुमति लिये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा-आपत्ति, आक्षेप पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने मान्य अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/07/2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में दावा/ आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
डौण्डीलोहारा






# स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की सफलता में स्वच्छाग्रहियों का महत्वपूर्ण योगदान

## जिला पंचायत सीईओ ने स्वच्छाग्रहियों के स्वास्थ्य परीक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को सफल बनाने में स्वच्छाग्रहियों का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए इस कार्य में लगे सभी स्वच्छाग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराना अत्यंत आवश्यक है।

डॉ. कन्नौजे जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक लेकर इसके अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छाग्राहियों द्वारा कचरा प्रबंधन के कार्यों में विभिन्न प्रकार का अपशिष्ट एकत्रीकरण के कार्य के फलस्वरूप उनमें संक्रमण की संभावना बनी रहती है। इसके लिए उन्होंने नियमित रूप से स्वच्छाग्राहियों की स्वास्थ्य जांच हेतु विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छाग्राहियों का स्वच्छाग्राही ई-श्रमकार्ड निर्माण कर उन्हें सफाई कर्मकार मण्डल से जोड़ा जा सकता है, जिससे उन्हें इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। डॉ. कन्नौजे ने सफाई कर्मकार आवश्यक उपकरण सहायता योजना सुरक्षा उपकरण हेतु प्रतिवर्ष 1000 प्रति दर सफाई कर्मकार के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति 1000 से 1500 प्रति दर वार्षिक (प्रति बच्चा) 2 बच्चों हेतु तथा 2 लाख का जीवन बीमा आदि सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर की चर्चा

बैठक में डॉ. कन्नौजे ने जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की चर्चा की एवं सभी प्रगतिरत कचरा संग्रहण शेड को 15 जुलाई से पूर्व पूर्ण करने एवं कचरा संग्रहण शेड में रजिस्टर पंजी के संधारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सामुदायिक शौचालय क्रियाशील रखने तथा ग्राम पंचायतों में कचरे की सफाई, सार्वजनिक स्थल जैसे चौक, चौराहा, धार्मिक स्थल, स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र, भवन एवं जल स्रोत तालाब, पैयजल स्रोत, हैण्डपंप के आस-पास के कचरे की साफ-सफाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सार्वजानिक स्थलों को साफ रखने एवं कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने को कहा, जिससे प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो उपाध्यक्ष वेद प्रकाश ने दी नए कानून की जानकारी



**बालोद/कलंगपुर।** देश में तीन नए कानून लागू किया गया है। इस पर भाजयुमो उपाध्यक्ष गुण्डरदेही वेद प्रकाश साहू ने बताया कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को मिला नया और प्रगतिशील कानून पुराने कानून के मुकाबले नए कानून प्रगतिशील है। अब किसी भी थाने में हो सकती है शून्य एफआईआर, बाद में उसे अपराध वाले थाने में ट्रांसफर कर ऑनलाइन एफआईआर कर कराया जा सकता है। पहले यह प्रावधान नहीं था, अब 2027 तक सभी केस ऑनलाइन हो जायेगा। नए कानून में नाबालिग से दुष्कर्म करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही मौत तक की सजा का प्रावधान है। शादी प्रेम प्रसंग का झांसा देना महंगा पड़ेगा, दहेज हत्या में 7 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान नया कानून में लागू किया गया है।

### तवेरा के छात्र जयप्रकाश का मॉडल जिलास्तर पर चयनित



**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तवेरा के छात्र जय प्रकाश पटेल का चयन राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में विकासखंड व जिला स्तरीय पर प्रथम स्थान पर चयन हुआ है। तवेरा के शिक्षकों ने बताया कि जय प्रकाश पटेल शुरू से मेधावी रहा है, पढ़ाई के प्रति व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में शुरु से ही अच्छा प्रदर्शन रहा है। इनके माडल पलोरिग रैन डिटेक्टर एवं भूकंप डिटेक्टर से विशाल जनधन की हानि को बचाया जा सकता है। इस प्रदर्शन से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तवेरा के प्रधान पाठक आईएस साहू, शिक्षिक एस महिलवार, जेआर साहू, बीएल ठाकुर, एचके चन्द्राकर, एस पटेल, वीके चन्द्राकर ने हर्ष व्यक्त किया है।

### दिनभर छाए रहे बादल बिन बरसे चले गए



**बालोद।** जिले में मानसून ने दस्तक तो दी है लेकिन आज भी किसानों को और आम जनता को अच्छी बारिश का इंतजार है। बीते तीन दिनों से बादल छाए रहने व तेज हवा चलने से बारिश होने की संभावना थी, लेकिन बारिश नहीं हुई। बुधवार और गुरुवार को भी बारिश का आसार नजर आया, लेकिन बादल छाए रहने के बाद भी बारिश नहीं हुई। किसानों को अच्छी बारिश की उम्मीद है, लेकिन लगातार मौसम के परिवर्तन को देखते हुए कुछ कहा नहीं जा सकता। हालांकि मौसम विभाग ने बारिश होने की संभावना जताई है। गुरुवार को पूरे दिन धूप और बदली की आंख मिचौली होती रही, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग पिछले तीन दिनों से बारिश की चेतावनी दे रही है। गुरुवार को भी बारिश का अंदेशा लगाया था, वहीं आज शुक्रवार को भी बारिश होने की संभावना जताई है। जिले के तापमान की बात करें तो दिन का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर है, जबकि रात का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

## स्वामी आत्मानंद में एनडीआरएफ ने बच्चों को बताए बाढ़ से बचाव के उपाय

# बाढ़ में फंसे लोगों को प्लास्टिक की खाली बोतलों, बांस व रस्सी से भी बचा सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल एनडीआरएफ द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। शाला में एनडीआरएफ की तीसरी बटालियन मुंडाली, जिला कटक उड़ीसा की टीम का आगमन हुआ, जिनके द्वारा शाला के छात्रों को आपदा के समय काम आने वाले आवश्यक जीवन-रक्षक कौशल के बारे में जानकारी देकर उन्हें आपदा प्रबंधन के ज्ञान से सशक्त बनाने का प्रयास किया। एनडीआरएफ के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों सब इंस्पेक्टर एसके सिन्हा, आरक्षक जीडी प्रदीप कुमार दुबे, पंकज कुमार, एसके बेहरा ने आपदा प्रतिक्रिया तकनीकों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, जिसमें भूकंप की तैयारी से लेकर प्राथमिक चिकित्सा तक सब विषय शामिल थे। इस सहयोगात्मक कार्यक्रम ने छात्रों की व्यावहारिक क्षमताओं को मजबूत किया व उनमें समुदाय और जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा दिया।

■ आपदा प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का किया गया आयोजन




### कार्यशाला में सीखी जानकारी दूसरों को भी बताने का आग्रह

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि कार्यशाला में सीखे गए सबक को आगे दूसरों को बताए और आपदा प्रबंधन पर खुद को शिक्षित करना हमेशा जारी रखें, इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ संस्था के शिक्षक नेमसिंह साहू, शैली गंगबेर, भागवत साहू, वेद देवांगन, रोमेंद्र देवांगन और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### आपदा के समय धैर्य न खोएं

प्रशिक्षण देते हुए एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़ से बचाव के लिए जानकारी देते हुए बताया कि इस समय लोगों को अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए। जब भारी बारिश के बाद गांव में बाढ़ आ जाए तो सकुशल बाहर आने के लिए घर में पड़ी बेकार की वस्तुओं जैसे कि खाली प्लास्टिक की बोतलों, प्लास्टिक जार, फुटबॉल, सूखे हुए नारियल, बांस आदि से तैयार उपायों की मदद से पानी भरे निचले इलाकों से लोगों को निकाला जा सकता हैं। पानी में कोई व्यक्ति डूबने लगे तो उसके बचाव के लिए बांस व रस्सी की मदद से डूबते हुए व्यक्ति को भी बचाया जा सकता है। जवानों ने बाढ़ के पानी से निकलने के बचाव के लिए छात्रों और शिक्षकों को कई मॉकड्रिल कर दिखाया। साथ ही आग से घिरने पर बचाव, बाढ़, तूफान और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के साथ, सीपीआर देने की प्रक्रिया के बारे में भी इस शिविर में बताया गया।

# कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरदी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के ओपीडी कक्ष, लैब, विभिन्न वार्डों तथा दवाई वितरण कक्ष, स्टोर आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

चन्द्रवाल ने अस्पताल के लैब में उपस्थित कर्मचारियों से सिकलसेल की जाँच के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को मरीजों के समुचित ईलाज के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारियों से अस्पताल में प्रतिदिन होने वाले प्रसव एवं आयुष्मान योजना के लाभान्वित हितग्राहियों के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्ड के निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम पूछा। चन्द्रवाल ने मरीजों से उनकी इलाज की व्यवस्था के अलावा प्रतिदिन उन्हें मिलने वाले भोजन एवं नाश्ता आदि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान चंद्रवाल ने ग्राम कुरदी के अमृत सरोवर में पहुँचकर पौधारोपण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को आज रोपे गए पौधों की समुचित देखभाल भी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने ग्राम रूदा में निर्मित फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर उसके क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्लांट के बेहतर संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

# राहुल के खिलाफ विवादास्पद पोस्ट, थाने में हुई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

युवा कांग्रेस बालोद ने युवा कांग्रेस व्हाट्सएप ग्रुप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी नेता राहुल गांधी की तस्वीर पर विवादित पोस्ट करने वाले के खिलाफ थाने में जाकर कार्रवाई करने की मांग की। उसके बाद विवादित पोस्ट करने वाले ने थाने में लिखित माफीनामा दिया। इस दौरान जिला युवा कांग्रेस प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे, विधान सभा अध्यक्ष संदीप साहू, शहर अध्यक्ष साजन पटेल, दल्ली राजहरा शहर अध्यक्ष परितोष हंसपाल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहनिश पारकर, महासचिव देवेंद्र साहू, आयुष सिंह राजपूत, कैलाश माली, प्रवीण साहू, हिमांशु सोनी, सुनील सभी युवा कांग्रेस साथी शामिल रहे।

# बच्चों के स्वागत के साथ हुई सशिमं की शुरुआत

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही के वार्ड क्रमांक 15 के सिन्हा समाज भवन में सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक शाला का शुभारंभ किया गया। ग्राम शिक्षा भारती के पदाधिकारी केशव राम साहू ने प्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया एवं कहा के बालपन में बच्चों को संस्कारित शिक्षा देने का काम सरस्वती शिशु मंदिर में किया जाता है, जहां भोजन मंत्र, प्रार्थना, नैतिक शिक्षा के साथ व्यवहारिक रूप में सदाचार की शिक्षा दी जाती है। इस अवसर पर समाजसेवी लक्ष्मी नारायण सिन्हा, मिलन सिंह, घनश्याम कोसरे, पूर्व पार्षद सेवक महिपाल, संकुल समन्वयक दीपक हिरवानी, केआर कुर्रे, भूखंड लाल मनहर, रामदास बारले, मंजू मोहोबिया, अंजू यादव, मंजू सिन्हा, विनय निषाद, प्रिया के साथ प्रधानाचार्य अशोक साहू, कौशल जांगड़े, प्रकाश तिवारी, रोहिणी साहू, मीनाक्षी उपस्थित थे।



# साजा में 350 मवेशियों का किया गया टीकाकरण




**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत साजा में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर उन्नत वत्स रैली व टीकाकरण का आयोजन किया गया। शिविर में 104 पशुओं की उपचार, कृमि नाशक एवं किलनी नाशक औषधि का वितरण किया गया।

पशु पालकों को कृत्रिम गर्भाधान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिविर में गिर, साहिवाल, जर्सी थारपारकर, रेड सिंधी इत्यादि उन्नत नस्ल के बछड़े बछियों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही 350 गौवंशी, भैंसवंशी पशुओं को गलघोंटू व एकटंगिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। पशुधन विकास विभाग से प्रभारी पशु चिकित्सालय गुण्डरदेही डा मौसमी यादव, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्रधिकारी शिव कुमार निषाद, थानसिंह मंडावी, रोहित गेंद्रे, बलराम साहू, उपसरपंच येनुराम साहू, पंचायत सचिव अनिता देशलहरा, पशु सखी गायत्री ठाकुर, यशवंत साहू, कोटवार पूनम चंद, बल्दूराम साहू, पंचम साहू, बिरबल साहू, बुधारू ठाकुर, कोमल साहू, फकीर मानिकपुरी, सोमनाथ निर्मलकर, धूरसिंह यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# रामायण कथाकार नारायण साहू का किया गया सम्मान

**गुण्डरदेही।** लोकरंजनी मानस मानस मंडली खैरतराई के सदस्यों द्वारा वरिष्ठ रामायण कथाकार नारायण साहू का शॉल, श्रीफल व रामायण ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया गया। बता दे कि नारायण साहू विगत 40 वर्षों से लगातार रामायण मंडली रामधुनी एवं अन्य कार्यक्रम में अपना तन मन धन से निरंतर अपना सेवा देते आ रहे हैं। इसलिए लोकरंजनी मानस मंडली खैरतराई के सदस्यों ने नारायण साहू का सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान नारायण साहू का मन्नालाल साहू, गिरधारी कौशिक, नरेंद्र साहू, ईश्वर साहू, भगवानी साहू, रुपनरायण साहू, लोकेन्द्र कौशिक, धीरपाल साहू, कन्हैयालाल, भीखु ठाकुर, श्रीराम ठाकुर, दिलीप यादव व सरपंच मोहन साहू ने सम्मान किया।



# जनभागीदारी से मिलेगा बालिका शिक्षा को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सहयोगी जन कल्याण समिति गुण्डरदेही द्वारा बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन

■ बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर चंद्रवाल



सामुदायिक भवन गुण्डरदेही के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि जन भागीदारी से ही बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने 1 जुलाई से लागू तीन नए कानून की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कानून से महिलाओं को त्वरित न्याय प्राप्त होगा, महिला कमांडो अपने-अपने गांव में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रचार कर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने महिला कमांडो टीम के लिए 50 नग टॉर्च देने की घोषणा की।

शमशाद बेगम ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा बच्चों को पुस्तकें व ड्रेस प्रदान किया जाता है किंतु बहुत से परिवार उनके लिए कॉपी पेन भी खरीद नहीं पाते, इस कारण बालिका शिक्षा को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने गांव में महिला कमांडो द्वारा जन सहयोग से दानदाताओं से दान लेकर जरूरतमंद बालिकाओं को कॉपी पेन कंपास बॉक्स आदि सामग्री खरीद कर दानदाताओं के हाथों से वितरित करती हैं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश महेश बाबू ने भी महिला कमांडो को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए भारत सरकार द्वारा बनाए तीन कानून की भी जानकारी दी, कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव रफीक खान ने किया।

# आत्मानंद स्कूल में विद्यार्थियों को दी गई कानून की जानकारी



**बालोद।** शासकीय आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम विद्यालय सिकोसा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार एवं श्याम लाल नवरत्न प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के मार्गदर्शन में श्वेता उपाध्याय गौर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव के द्वारा छात्र-छात्राओं को 01 जुलाई से देश में लागू हुए तीन नवीन कानून की जानकारी दी गई। इसके साथ ही 13 जुलाई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत एवं उच्चतम न्यायालय में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण व स्टॉफ, छात्र छात्राएं एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालिगल वालिटियर्स रमेश कुमार शर्मा, देवेन्द्र कुमार साहू, कमलेश्वर साहू एवं सरोज साहू उपस्थित थे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

